प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सिल्ली पॉलिटेक्निक में आयोजित "नेशनल हैंड्स–ऑन वर्कशॉप ऑन इंडस्ट्री ओरिएंटेड ऑटोमेशन एंड आईओटी सिस्टम्स" का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑटोमेशन, आईओटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकें उद्योग, शिक्षा और दैनिक जीवन में व्यापक बदलाव ला रही हैं। राज्यपाल ने युवाओं को तकनीक आधारित कौशल से जोड़ने और व्यवहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की है। उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से दक्ष युवा भविष्य में केवल रोजगार पाने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले भी बन सकते हैं।

****

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची में कहा कि मिडल ईस्ट में युद्ध के कारण दुनिया की स्थिति सभी जानते हैं। ऐसी परिस्थिति में पेट्रोलियम समेत अन्य वस्तुओं की मूल्य में वृद्धि को राजनीतिक रूप देना उचित नहीं है। सभी देश हित में प्रधानमंत्री की अपील का पालन कर रहे हैं। श्री सेठ ने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशहित में लिए गए निर्णयों के साथ खड़ा है।

****

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर 18 मई से 25 मई तक चलाए जा रहे जनजातीय गरिमा उत्सव जनभागीदारी अभियान "सबसे दूर–सबसे पहले" के तहत आज गुमला के उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तेतरडीपा गांव का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद कर गांव में संचालित विकास योजनाओं और आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की। ग्रामीणों ने पेयजल और बिजली की समस्या प्रमुखता से उठाई, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर पेयजल समस्या का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

****

राज्य के पतरातु सुपर थर्मल पावर प्लांट की दूसरी यूनिट का ट्रायल सफल रहा। 800 मेगावाट क्षमता वाली इस यूनिट के शुरू होने से राज्य को 85 प्रतिशत अतिरिक्त बिजली मिलेगी। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल क्षमता 90 गीगावाट पार कर गई है, जिससे राज्य में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

****

धनबाद जिला परिषद कार्यालय में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने इस अवसर पर कहा कि शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया मरीजों समेत अन्य जरूरतमंदों के लिए रक्त उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद कार्यालय में पहली बार इस तरह का आयोजन किया गया है और कर्मी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। अक्सर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रक्त की कमी को लेकर मरीजों के परिजन संपर्क करते हैं, ऐसे में जिला परिषद अस्पताल प्रबंधन के सहयोग से जरूरतमंदों तक समय पर रक्त पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

****

रांची जिला टेबल टेनिस संघ की ओर से 6 और 7 जून को रांची जिला ओपन टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में पुरुष, महिला, अंडर–11 से अंडर–19 और मास्टर्स वर्ग के मुकाबले आयोजित होंगे। खिलाड़ियों के लिए प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 4 जून निर्धारित की गई है। संघ ने सभी संबद्ध खिलाड़ियों, संस्थानों और इकाइयों से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

****